## खबर संक्षेप

### विस अध्यक्ष कल्याण आज करेंगे जनसुनवाई

**तरावड़ी ।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण 10 जनवरी को घरौंडा के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में सुबह साढे दस बजे लोगों की शिकायत सुनेंगे और दोपहर बाद 2 बजे कलवेहड़ी गांव में सामुदायिक केंद्र का भी शिलान्यास रखेंगे। जन सुनवाई कार्यक्रम में लोगों की समस्याओं का मौके पर ही निपटारा करने के लिए संबंधित अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिए जाते हैं।

### बीएसएनएल 5जी सेवा इस वर्ष शुरू होगी!

**करनाल।** भारत संचार निगम (बी.एस.एन.एल.) के करनाल सर्कल महाप्रबंधक अनिल कुमार ने कहा कि देश में बी.एस.एन.एल. की 5जी मोबाइल इंटरनेट सेवाएं इसी वर्ष हरियाणा से शुरू होने की उम्मीद है। 4जी सेवाएं भी 2024 में हरियाणा से शुरू हुई थी। अब चेन्नई स्थित टेस्टिंग सेंटर में 5जी की टेस्टिंग चल रही है।
4जी की साइट में ही अपग्रेड करके 5जी में कन्वर्ट हो जाएगा। 4जी व 5जी भारत की स्वदेशी तकनीक है। भारत विश्व में पांचवां देश है जिसने 4जी व 5जी कोर तकनीक बनाई। नवनियुक्त जी.एम. अनिल कुमार ने शुक्रवार को सेक्टर-8 करनाल स्थित बी.एस.एन.एल. कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत की।

### 48 लाख से बनने वाले नाले का मंत्री ने किया शुभारंभ

# प्रदेश का हर वर्ग सरकार की कार्यप्रणाली से खुश : गुर्जर

भाजपा की जनहितकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य कर रहा है नगर निगम : गुर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने अम्बाला रोड तक लगभग 48 लाख 50 हजार रुपये की धनराशि से बनने वाले नाले के कार्य का शुभारंभ किया। मौके पर उनके साथ नगर निगम वार्ड नंबर 1 से पार्षद रीना रस्तोगी के साथ वार्ड नंबर 1 में बीडीओ ओफिसर मौजूद रहे। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि भाजपा सरकार की जनहितकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य नगर निगम द्वारा किया जा रहा है। मेयर सुमन बहमनी व जगाधरी शहर के सभी 7 भाजपा पार्षदों के प्रयासों से नगर निगम क्षेत्र में लगातार विकास हो रहा है। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए वे हमेशा तत्पर हैं। इस विकास कार्य से क्षेत्रवासियों को बेहतर सुविधा मिलेगी और उनका जीवन आसान होगा। आने वाले समय में जगाधरी क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुसार नई योजनाएं लागू की जाएंगी। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि जगाधरी शहर को स्वच्छए सुंदर और सुविधाजनक शहर बनाना सभी पार्षद जनप्रतिनिधियों की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का धन्यवाद करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि वर्तमान हरियाणा भाजपा सरकार हमेशा जरूरमंदों के हितों को सुरक्षित करके आगे बढ़ती है। प्रदेश का हर वर्ग सरकार की कार्यप्रणाली से खुश हैं व जगाधरी विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सहयोग से आगे भी लगातार विकास कार्य करवाए जाएंगे।


यमुनानगर में नाले का शुभारंभ करते केबिमंत्री व अन्य।

**ये रहे मौजूद**

इस दौरान भाजयुमो जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरी, मंडल अध्यक्ष पार्षद प्रियंक शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक मैहन्दीरत्ता, पार्षद रीना रस्तोगी, पार्षद अरुण कुमार गुप्ता, पार्षद जयंत स्वामी, पार्षद रूचि काम्बोज, पार्षद भानू प्रताप सिंह, पार्षद अंकित गोयल, पूर्व पार्षद संजय राणा, भाजपा जिला यमुनानगर मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग सहित पार्टी पदाधिकारी व अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

# पति शिव की निंदा के कारण सती ने स्वयं को यज्ञ में कर दिया था भस्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

- हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है लोहड़ी

विश्वकर्मा कॉलोनी रादौर में स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर के पुजारी अवध बिहारी पांडे ने बताया कि 13 जनवरी को लोहड़ी का पर्व मनाया जाता है। लोहड़ी पंजाबियों का मुख्य त्योहार है। लेकिन इसे पूरे देश में काफी हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। लोहड़ी के दिन आग लगाई जाती है और लोग आग की परिक्रमा करके गीत गाते हैं और नृत्य भी करते हैं। लोहड़ी के दिन आग जलाने के पीछे एक पौराणिक कथा प्रचलित है।

उन्होंने बताया कि एक बार राजा दक्ष ने यज्ञ करवाया थाए लेकिन इसमें अपने दामाद शिव और पुत्री सती को आमंत्रित नहीं किया। इस बात से नाराज होकर सती अपने पिता के पास जवाब लेने पहुंची। वहां पति शिव की निंदा वह बर्दाश्त नहीं कर पाईं और उन्होंने खुद को उसी यज्ञ में भस्म कर दिया। सती की मृत्यु का समाचार सुन भगवान शिव ने वीरभद्र को उत्पन्न कर उसके द्वारा यज्ञ का विध्वंस करा दिया। ऐसा किसी के साथ ना हो इसलिए हर साल लोहड़ी पर आग लगाई जाती है ताकि फिर इस आग में कोई लड़की न जले।


यमुनानगर। रादौर में जानकारी देते मंदिर के पुजारी अवध बिहारी पांडे।

### पंचकुला में चमका म्हारी बेटियों का बिजनेस विजन

**करनाल।** सरकारी स्कूल की छात्राएं केवल कक्षा तक सीमित नहीं हैं, बल्कि अपने नवाचार और उद्यमशील सोच से आत्मनिर्भरता की नई मिसाल पेश कर रही हैं। जिले के गाँव अगोंध स्थित पीएम श्री गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं ने अपने अनूठे बिजनेस आइडिया के जरिए जिला स्तर पर जीत हासिल करने के बाद पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय कुशल बिजनेस चेलेंज प्रतियोगिता में भी सफलता प्राप्त की। टीम अगोंध ने सिपरुलीना एलीगे (काई) को एक सुपरफूड के रूप में प्रस्तुत किया।

## मॉडल शौचालय से 2 छत के पंखे व एग्जॉस्ट फैन गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

नगरपालिका की ओर से शहर के पुलिस स्टेशन के पास बनाए गए मॉडल शौचालय से 2 छत के पंखे व अरजेस्ट फैन गायब हो गया है। परंतु नगरपालिका के कर्मचारियों को शौचालयों से पंखे गायब होने की कोई जानकारी नहीं है। नगरपालिका की ओर से कुछ वर्षो पहले शहर में 2 मॉडल शौचालय बनाए गए थे। जिसमें आधुनिक वस्तुएं लगाई गई थी। वहीं थाने के पास स्थित शौचालय में एक अरजेस्ट फैन व 2 छत के पंखे लगाए गए थे। लेकिन अब नगरपालिका द्वारा लगाए गए पंखे गायब हो गए है। जिससे नगरपालिका की लापरवाही सामने आ रही है। नगरपालिका ने शौचालयों की देखभाल करने के लिए कर्मचारी लगाए हुए है।


यमुनानगर। रादौर में नगरपालिका के शौचालय से गायब पंखा।


यमुनानगर । रादौर मुकंदलाल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य।

## जीवन में सफल होने के लिए छोटे छोटे प्रयासों की बड़ी भूमिका: भारद्वाज

**रादौर ।** मुकंद लाल नैशनल कॉलेज रादौर में शुक्रवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्लेसमैंट सैल की ओर से विद्यार्थियों किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय लॉजिकल रीजनिंग रहा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता वाणिज्य विभाग से प्रोण्जय चंद रहे। उन्होंने बताया कि लॉजिकल रीजनिंग का हमारी आगामी परीक्षाओं के लिए कितना महत्व है बारे जानकारी उपलब्ध करवाई। उन्होंने बताया कि लॉजिकल रीजनिंग से संबंधित प्रश्न लगभग हर प्रतियोगी परीक्षा का हिस्सा हैं। यदि विद्यार्थी इस प्रकार के महत्वपूर्ण विषय तैयार कर लेते हैं तो वह निश्चित ही सफल होंगे। इसमें विद्यार्थियों को ऑनलाइन क्लास के माध्यम से रीजनिंग के मुख्य प्रश्न हल करते दिखाया गया। इतिहास विभाग की ओर से डॉ. रिचा सीकरी ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वह लगन और मेहनत से अपनी शिक्षा प्राप्त करें। राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से प्रो नवीन भारद्वाज ने कहा कि हमें जीवन में सफल होने के लिए छोटे छोटे प्रयास करने चाहिए। वहीं एक दिन बडा परिवर्तन लेकर आते हैं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विशेष उत्साह दिखाया और बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग से प्रो पिंकी रानी, हिंदी विभाग से प्रो. बंटी कुमार, संजू कुमार व अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# मांगों का जल्द समाधान नहीं किया गया तो चलाया जाएगा प्रदेशव्यापी आंदोलन: मायाराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

ऑल हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक यमुनानगर के पैलेस में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष मायाराम उनियाल ने की। बैठक का संचालन प्रदेश महासचिव बलदेव सिंह ने किया। मौके पर यूनियन के अनुशासन समिति के प्रदेश प्रमुख हरिनारायण शर्मा विशिष्ठ अतिथि के रुप में मौजूद रहे। बैठक में रोड़वेज कर्मचारियों की लंबित मांगो को लेकर विचार विमर्श किया गया। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष मायाराम ने कहा कि 30 जुलाई 2024 को कर्मचारियों की मांगों को लेकर सांझा मोर्चा की बैठक तत्कालीन परिवहन मंत्री असीम गोयल के बुलावे पर उनके साथ हुई थी। तब परिवहन मंत्री ने एक महीने के भीतर मांगों को लागू करने का आश्वासन दिया था। उच्च अधिकारियों के गलत रवैये के चलते एक भी मांग पूरी नहीं हुई। इसके बाद चुनाव हो गए और राज्य के परिवहन मंत्री अनिल विज बने। अनिल विज के परिवहन मंत्री बनने पर कर्मचारियों में खुशी थी कि वह उनकी मांगों को तत्परता से लागू करवाएंगे। लेकिन डेढ़ वर्ष बीत जाने के बावजूद एक भी मांग को लागू नहीं किया गया है। जिस कारण कर्मचारियों में सरकार के प्रति रोष बढ़ता जा रहा है। सरकार प्राइवेट बसों को बढ़ावा दे रही है। जिसके चलते लोकल रूट भी प्राइवेट हाथों में चले गए हैं।


यमुनानगर । पैलेस में आयोजित ऑल हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में भाग लेते हुए अतिथि व पदाधिकारी।

**कर्मचारियों को नहीं किया जा रहा नियमित**

प्राइवेट संचालक अपनी मनमर्जी करते हैं। जिस कारण यात्रियों को भारी दिक्कत आ रही है। मौके पर यूनियन के राज्यस्तरीय अनुशासन समिति के अध्यक्ष हरिनारायण शर्मा ने आरोप लगाया कि सरकार कर्मचारियों को आंदोलन के लिए मजबूर कर रही है। उन्होंने बताया कि पंजाब एंड हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेशों के बावजूद बीस बीस साल से कार्य कर रहे कर्मचारियों को नियमित नहीं किया जा रहा। उन्होंने बताया कि संगठन को और मजबूत बनाने को लेकर 15 जनवरी से राज्य भर में सदस्यता अभियान आरंभ किया जाएगा। इस अवसर पर पवन सांभली, डिपो प्रधान रजिंदर कंबोज, रघुवीर पंजाबीए रंजीत करोड़ा एधर्मेंद्र कदियान, अरुण शर्मा, सतवीर यादव आदि मौजूद रहे।

### रादौर के मेन बाजार में अतिक्रमण से लोग परेशान




**रादौर ।** रादौर के मेन बाजार में दुकानों के समक्ष दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण किए जाने से लोगों के आए जिन जाम की समस्या से परेशान होना पड़ रहा है। नागरिकों ने प्रशासन से रादौर कस्बा के मेन बाजार में दुकानों के समक्ष किए गए अतिक्रमण को हटवाए जाने की मांग की है। स्थानीय निवासी राजेश, सोहनलाल, मनोज, अभिषेक, सुदेश व राकेश आदि ने बताया कि रादौर के मेन बाजार में अधिकांश दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानो के समक्ष सामान रखकर अतिक्रमण किया हुआ है। जिससे कस्बा के मेन बाजार में हर समय जाम की स्थिति बनने से लोग बेहद परेशान हैं। आलम यह है कि शिकायत करने पर भी नगरपालिका की ओर से इस बारे कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। हर समय जाम लगना मेन बाजार की पहचान बन चुका है। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण के कारण कस्बा का मेन बाजार संकरी होता जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्षों पहले कस्बा के मेन बाजार से दो ट्रक आमने सामने से निकल जाया करते थे। लेकिन आज बड़े वाहन तो दूर की बात है छोटे वाहनों का निकलना भी मुश्किल हो गया है। दुकानदारों ने अपनी दुकान के आगे कई कई फुट बाहर अवैध निर्माण करके पक्के चबुतरे बना लिए हैं। उसके बाद भी दुकानदार दुकानों के आगे अन्य सामान रखकर अतिक्रमण कर रहे हैं।

**अतिक्रमण हटाने के लिए चलाया जाएगा अभियान**

नगर पालिका रादौर के सफाई निरीक्षक सुमित बैंस ने बताया कि नगरपालिका द्वारा जल्द ही अभियान चलाकर दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाकर उन पर कार्रवाई की जाएगा।

# नशामुक्त समाज बनाने में सभी की सहभागिता बेहद जरूरी: उपायुक्त

- उपायुक्त प्रीति ने जिलावासियों को नशा मुक्त समाज बनाने के लिए आगे आने के लिए किया आह्वान
- बच्चों को सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

नशामुक्त अभियान को सफल बनाने के लिए जिला उपायुक्त प्रीति ने जिलेवासियों को आहवान किया है। उन्होंने अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए लोगों को नशामुक्त समाज बनाने के लिए सभी को आगे आने के लिए आहवान किया है। ताकि नशा पर पूर्ण रुप से अंकुश लगाया जा सके।

उपायुक्त प्रीति ने बताया कि सभ्य समाज में नशे के लिए कोई जगह नहीं है। इसलिए नशा मुक्त समाज बनाने के लिए हम सभी को मिलकर सतत प्रयास करने की आवश्यकता है। क्योंकि नशे के कारण ही समाज में विभिन्न प्रकार की कुरीतियों पनपती हैं और कुरीति हीन समाज की संरचना के लिए सभी प्रकार के नशे का जड़ मूल से खात्मा होना चाहिए। उन्होंने बताया कि जिलास्तर से लेकर उपमंडल स्तर को नशा मुक्त बनाने के लिए पुलिस विभाग द्वारा गंभीरता से कार्य किए जा रहे हैं। उपायुक्त प्रीति ने बताया कि अध्यापक व अभिभावक भी बच्चों को खेलों के साथ साथ अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें। अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस प्रतिवर्ष मनाने का मुख्य उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नशीली दवाओं व नशे से छुटकारा पाना है तथा समाज को सुदृढ व खुशहाल बनाना है। जिससे नशा मुक्त व स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके।


यमुनानगर । अपने कार्यालय में नशा मुक्त समाज बनाने के लिए जिलेवासियों को आहवान करते हुए उपायुक्त प्रीति।

**नशा के खिलाफ जन जागरुकता पैदा करना जरुरी**

उपायुक्त ने बताया कि नशा मुक्त समाज की कल्पना को साकार करने के लिए हम सबको इसके खिलाफ जन जागरूकता पैदा करनी होगी। ताकि हम अपनी युवा पीढ़ी को नशे की गिरफ्त में आने से बचा सकें। इसके लिए सबसे पहले हमें स्वयं जागरूक होना होगा और मिशन के रूप में एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने अध्यापकों का आह्वान किया कि अध्यापक का समाज में महत्वपूर्ण स्थान होता है और विद्यार्थी उन्हें अपना आदर्श मानते हैं। विद्यार्थियों का अध्यापकों व माता पिता से सीधा जुड़ाव होता है। इसलिए अध्यापक विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों व नशीली दवाओं के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दें। शिक्षा के साथ साथ हमारी संस्कृति के बारे में जागरूक करते हुए नशा न करने के लिए प्रेरित करें। उपायुक्त प्रीति ने बताया कि नशा को समाज से खत्म करना सबकी सामूहिक जिम्मेवारी है। नशे के खिलाफ सभी को एकजुट होकर लड़ना होगा।

### 600 से अधिक किसानों ने पंजीकरण करवाया

**करनाल।** आलू प्रौद्योगिकी केंद्र शामगढ़ में आज दो दिवसीय चौथे आलू मेले का शुभारंभ बागवानी विभाग के अध्यक्ष डा. अर्जुन सिंह सैनी ने किया। मेले में 600 से अधिक किसानों ने पंजीकरण कराया। इस मौके पर सैनी ने किसानों को वैज्ञानिक खेती के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही आलू एक्सपो के महत्त्व, आलू बीज उत्पादन की उन्नत तकनीकों तथा किसानों की आय वृद्धि पर प्रकाश डाला। मेले में लक्की ड्रा का आयोजन भी किया गया जिसमें पांच किसानों को पुरस्कार स्वरूप दोहरी बैटरी संचालित स्प्रे पंप प्रदान किए गए। उद्यान विभाग के उपनिदेशक डॉ. मनोज भानुकर ने मुख्य अतिथि को पुष्प-गुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मेले में सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र की करीब 20 कंपनियों द्वारा आलू उत्पादन, बीज, उर्वरक, कीटनाशक, कृषि यंत्र तथा नवीन तकनीकों का प्रदर्शन किया।

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2025: आयुक्त ने तैयारियों को लेकर की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 की तैयारियों को लेकर नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने शुक्रवार को निगम अधिकारियों व स्वच्छ भारत मिशन की टीम की बैठक ली। बैठक का उद्देश्य शहर में स्वच्छता व्यवस्था की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करना और स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के मानदंडों के अनुरूप तैयारियों को और अधिक सुदृढ़ करना रहा। बैठक के दौरान स्वच्छ भारत मिशन व प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट टीम द्वारा शहर की सिटी प्रोफाइलए गैप एनालिसिस और अब तक की गई तैयारियों पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। प्रस्तुतीकरण में शहर की वर्तमान स्वच्छता स्थितिए विभिन्न क्षेत्रों में पाई गई कमियां और सुधार योग्य बिंदुओं को रेखांकित किया गया। साथ ही आगामी कार्ययोजना पर भी विस्तार से चर्चा की गई ताकि स्वच्छ सर्वेक्षण के सभी मानदंडों को समय रहते पूरा किया जा सके। बैठक में स्वच्छता सर्वेक्षण के विभिन्न बिंदुओं डोर टू डोर कचरा उठानए एमआरएफ सेंटरए जीरो वेस्ट वार्ड शहर के सौंदर्यीकरण वंडर पाक स्लम एरिया की सफाई सार्वजनिक शौचालयों सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट आरआरआर सेंटर सीएंडडी वेस्टए वॉल पेंटिंग सिटीजन फीडबैक जागरूकता कार्यक्रम करने ई.वेस्ट कलेक्शन के लिए अलग वाहन स्वच्छता चैंपियन का सम्मान सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने के लिए कार्रवाई करने आदि पर विस्तार से चर्चा की गई।


यमुनानगर । अधिकारियों की बैठक लेकर निगम आयुक्त

**श्रद्धा** | हाड़ गलाने वाली ठंड में भी शहर में अल सुबह चार बजे निकाली प्रभातफेरी

# बावा लाल जी के मनमोहक स्वरूप के सामने माथा टेककर लिया प्रसाद

- श्रीलालद्वारा मंदिर प्रबंधक कमेटी द्वारा बावा लाल जी के जन्मोत्सव को लेकर निकाली शहर में निकाली प्रभातफेरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

श्रीलालद्वारा मंदिर प्रबंधक कमेटी द्वारा बावा लाल जी के जन्मोत्सव को लेकर शहर में प्रभातफेरियों का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को हाड़ गलाने वाली ठंड में शहर में अल सुबह चार बजे निकाली गई प्रभातफेरी में सैंकड़ो श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

इस दौरान प्रभातफेरी में श्रद्धालु भजनों पर झूमते हुए आगे चलते रहे। प्रभातफेरी के विश्राम पर प्रसाद वितरित किया गया। कमेटी के प्रधान रमेश मेहता ने बताया कि सतगुरु बावा लाल दयाल जी महाराज का जन्मोत्सव वार्षिक दूज के रूप में 20 जनवरी को श्रीलाल द्वारा मंदिर यमुनानगर में बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस समागम के लिए श्रद्धालुओं को आमंत्रित करने को लेकर आजकल प्रभात फेरियो का आयोजन किया जा रहा है। आज प्रभातफेरी ईएसआई हॉस्पिटल के सामने से सुबह 4 बजे आरंभ हुई। पंडित रजनीश शर्मा ने पूजा अर्चना करवा कर विधि विधान के साथ इसे आरंभ करवाया। भारी धुंध व ठंड होने के बावजूद श्रद्धालु यहां पहुंचे और भजनों पर झूमते हुए व बावा लालजी के जयकारे लगाते हुए गंतव्य की ओर बढ़ते रहे। प्रभात फेरी जिस भी कॉलोनी से निकलती श्रद्धालु उसपर पुष्प वर्षा कर स्वागत करते और बावा लाल जी के मनमोहक स्वरूप को माथा टेकते और प्रसाद लेते। प्रभात फेरी में आगे महिला संकीर्तनमंडली की सदस्य भजन गाते हुए चल रही थी । अज लगीया ने रोनका तेरे करके, तेरे करके सतगुरु तेरे करके, घर खुशियां ते खेड़े तेरे करके।


यमुनानगर में श्रीलालद्वारा मंदिर कमेटी द्वारा निकाली जा रही प्रभातफेरी में भजनों पर झूमते हुए श्रद्धालु।

**प्रोफेसर कॉलोनी में आज निकलेगी फेरी**

श्री लाल द्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान रमेश मेहता व वरिष्ठ उपाध्यक्ष योगेश शर्मा ने बताया कि शनिवार को प्रभातफेरी प्रोफेसर कॉलोनी में निकाली जाएगी। इसके बाद 11 व 12 जनवरी को जगाधरी के हुड्डा सेक्टर 17, 13 जनवरी को सुंदर नगर और 14 जनवरी को श्री लाल द्वारा कॉलोनी में प्रभात फेरी निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि बावा लाल जी के वार्षिक उत्सव की तैयारियां मंदिर में जोर शोर से चल रही हैं। इस वार्षिक उत्सव में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। मौके पर सोनू मेहता, संदीप दत्ता ,गुलशन गुलाटी, दविन्दर मेहता,राजीव गांधी, चंद्रप्रकाश, बॉबी वासन, मनी चोपड़ा, अनिल सबाकी , पवन लूथरा, अनिल चानना,शिव कपूर,अभिनव मेहता व भामरी आदि मौजूद रहे।

### लूट की वारदात को अंजाम देने वाले चार आरोपी काबू

## आरोपियों से सोना, नकदी और वारदात में प्रयुक्त एक्टिवा जब्त



**करनाल ।** सेक्टर-16 में सर्राफ व्यापारी से लूट की वारदात को अंजाम देने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सीआईए-1 इंचार्ज निरीक्षक संदीप कुमार एवं सीआईए-3 इंचार्ज निरीक्षक अजय के नेतृत्व में गठित टीमों द्वारा आरोपी प्रिंस निवासी सेक्टर-6, करनाल, दिनेश निवासी करनाल को सेक्टर-4 क्षेत्र से काबू किया है। वहीं प्रवीण कुमार गुर्जर निवासी राजपुरा, जिला अंबाला, प्रतीक निवासी सोनिया कॉलोनी अंबाला कैंट को जिला अंबाला क्षेत्र से गिरफ्तार गया है। आरोपियों के कब्जे से लूटा गया कुल 1240 ग्राम सोना, 2 लाख रुपए नकद तथा वारदात में प्रयोग की गई एक एक्टिवा स्कूटी बरामद की गई है। डीएसपी राजीव कुमार ने प्रेस वार्ता कर जानकारी दी है कि शिकायतकर्ता बबन गोविंद मनी ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि वह तथा उसका जीजा सर्राफा बाजार में सोना गलाने का कार्य करते हैं। बीती 3 जनवरी की रात वह काम के बाद घर लौट रहे थे।

### कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कुरुक्षेत्र में बोले-कानून को मजबूती के साथ करेंगे लागू

# जी राम जी एक्ट भ्रष्टाचार मुक्त, नए प्रावधान में रोजगार गारंटी को 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन किया : राणा

- श्रमिकों के कल्याण और गांवों के विकास में एक और ऐतिहासिक कदम जी राम जी कानून

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। भाजपा कार्यालय में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा प्रेसवार्ता करते हुए।

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) कानून 2025 को मजबूती के साथ हरियाणा प्रदेश में लागू कर रहे हैं। ये विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) कानून 2025 भ्रष्टाचार मुक्त ग्रामीण रोजगार की गारंटी प्रदान करता है। यह ग्रामीण रोजगार नीति अधिक गारंटी वाले कार्यदिवस, उच्च मजदूरी, पारदर्शी भुगतान और टिकाऊ संपत्तियों के निर्माण को सुनिश्चित करता है। इस नए कानून से पहले की मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार और खामियों को दूर किया गया है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग मंत्री श्याम सिंह राणा शुक्रवार को भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उनके साथ जिला अध्यक्ष तिजेंद्र सिंह गोल्डी, मीडिया प्रभारी ललित माटा, संयोजक सतपाल मास्टर भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने श्रमिकों के कल्याण और गांवों के विकास में एक और ऐतिहासिक कदम उठाते हुए विकसित भारत-जी राम जी योजना शुरू की है। यह विषय देश के करोड़ों ग्रामीण श्रमिकों, किसानों और मेहनतकश परिवारों से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि वीबी जी राम जी कानून का उद्देश्य उन वास्तविक श्रमिक लाभार्थियों का समर्थन करना है, जिन्हें पिछली सरकारों ने धोखा दिया था। यह अधिनियम परियोजनाओं की वास्तविक समय में निगरानी की व्यवस्था करता है, मजदूरी भुगतान में पारदर्शिता सुनिश्चित करता है। श्रमिकों को गारंटीकृत रोजगार बढ़ाकर अधिक मजदूरी देती है। ये श्रमिक अब भ्रष्ट ठेकेदारों, अधिकारियों या राजनेताओं की तिजोरिया भरने के लिए नहीं, बल्कि विकसित भारत के निर्माण की दिशा में काम करेंगे। यह विषय देश के करोड़ों ग्रामीण श्रमिकों, किसानों और मेहनतकश परिवारों से जुड़ा हुआ है।ये विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) कानून 2025 भ्रष्टाचार मुक्त ग्रामीण रोजगार की गारंटी प्रदान करता है।

#### सरकार का फोकस देश के अंतिम व्यक्ति तक

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि मनरेगा योजना लगभग 20 वर्ष पहले शुरू की गई थी। मनरेगा और ऐसी ही अन्य कई योजनाओं की प्रकृति ही ऐसी होती है कि इन्हें तैयार किया जाता है, पारित किया जाता है, लागू किया जाता है और इनमें सुधार भी किया जाता है। मनरेगा के अंतर्गत कई समस्याएं सामने आईं, जैसे कि श्रमिकों के बजाय मशीनों का उपयोग करना, बजट का अत्यधिक अनुमान, पहले से पूर्ण की गई परियोजनाओं को दोबारा करना और ऐसी ही कई कमियां देखने को मिलीं, लेकिन आज सच्चाई यह है कि देश, समाज और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पिछले 20 वर्षों में मूल रूप से बदल चुके हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण गरीबी वर्ष 2011-12 में जहां 25 प्रतिशत से अधिक थी, वहीं आज यह घटकर लगभग 5 प्रतिशत से भी नीचे आ चुकी है। इसका अर्थ है कि वर्तमान केंद्र सरकार की सकारात्मक नीतियों के कारण 25 प्रतिशत से अधिक लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं।

#### जीवन में होगा सुधार

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि नए प्रावधानों के तहत रोजगार गारंटी को 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन करने से श्रमिकों की गारंटीशुदा मजदूरी को काफी बढ़ावा मिला है। इसके माध्यम से सरकार श्रमिकों के जीवन स्तर में सुधार लाने का प्रयास कर रही है। इससे पूरे भारत वर्ष में एक ग्रामीण अकुशल श्रमिक की वार्षिक आय में औसतन 7 हजार रुपये से अधिक की बढ़ोतरी होगी।

## खबर संक्षेप



कुरुक्षेत्र। विद्यार्थियों को जैकेट वितरित करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

### विद्यार्थियों को किया जैकेटों का वितरण

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सेंटर ऑफ डॉ. बी.आर. अंबेडकर स्टडीज, में जैकेट वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 180 जरूरतमंद विद्यार्थियों को जैकेट्स वितरित की गईं। इस कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। अपने संबोधन में कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व को समझाने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनने और स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने युवाओं को भविष्य का सफल इंटरप्रेन्योर बनने और अपने जीवन के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करने का मंत्र दिया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. भीमराव अंबेडकर अध्ययन केंद्र के निदेशक डॉ. प्रीतम सिंह ने केंद्र की कार्यप्रणाली और विभाग की गौरवशाली उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की। समारोह के समापन पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर वीरेंद्र पाल ने सभी उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। यहां प्रो. एआर चौधरी, प्रोण अनीता दुआ समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### भवन आधुनिक पत्रकारिता के क्षेत्र में विद्यार्थियों को नई दिशा प्रदान करेगा

# अटल संचार भवन राष्ट्रीयता से ओत प्रोत, पत्रकार होंगे तैयार: महीपाल ढांडा

- युवाओं महापुरुषों के जीवन से आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी
- महापुरुषों के नाम पर भवनों का नामकरण सराहनीय कदम

शिक्षा मंत्री ने युवा स्टार्टअप्स से विस्तार से बात की, जिनमें मुख्य रूप से जोइता बायोसीड एआई ग्रामीण क्षेत्रों के लिए विशेष रूप से निर्मित यह एआई टूल बिना इंटरनेट के पौधों की बीमारियों की पहचान और विशेषज्ञ कृषि सलाह देता है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्रीयता की भावना से ओतप्रोत पत्रकार तैयार होंगे। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा देश के महापुरुषों के नाम पर अपने भवनों का नामकरण करना एक सराहनीय कदम है। इससे युवाओं में संस्कारों के साथ-साथ महापुरुषों के जीवन से आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। यह विचार प्रदेश के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर रखे गए जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के भवन अटल संचार भवन का उद्घाटन करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर विशेष रूप से कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा व स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय सह-संगठक सतीश मौजूद थे। शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि यह भवन आधुनिक पत्रकारिता और तकनीक के क्षेत्र में विद्यार्थियों को नई दिशा प्रदान करेगा। इस अवसर पर मीडिया संस्थान के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया के कुशल मार्गदर्शन में संस्थान के शिक्षकों व छात्रों द्वारा तैयार किए न्यूज लैटर का प्रदेश के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने विमोचन किया तथा संस्थान द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। छात्रों ने प्रदेश के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा व स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय सह-संगठक सतीश के बनाए गए चित्रों को उन्हें भेंट किया।



कुरुक्षेत्र। जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के अटल संचार भवन का उद्घाटन करते शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

छात्रों ने प्रदेश के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा व स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय सह-संगठक सतीश के बनाए गए चित्रों को उन्हें भेंट किया। इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय सह-संगठक सतीश, कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव लेफ्टिनेंट प्रो. वीरेन्द्र पाल, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. राकेश कुमार, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. ए.आर.चौधरी, डॉ. मधुदीप सिंह, डॉ. आबिद अली, डॉ. प्रदीप राय, डॉ. अभिनव कटारिया आदि रहे।

#### युवा स्टार्टअप्स की प्रदर्शनी का शिक्षा मंत्री ने किया अवलोकन

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर ऑडिटोरियम के क्रश हॉल में विश्वविद्यालय की गौरवमयी गाथा को प्रदर्शित करने वाली एक भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का अवलोकन प्रदेश के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने किया। शिक्षा मंत्री ने युवा स्टार्टअप्स से विस्तार से बात की, जिनमें मुख्य रूप से जोइता बायोसीड एआई ग्रामीण क्षेत्रों के लिए विशेष रूप से निर्मित यह एआई टूल बिना इंटरनेट के पौधों की बीमारियों की पहचान और विशेषज्ञ कृषि सलाह देता है। व्योमगगन इनोवेशन्स स्मार्ट कृषि समाधान सीधे मोबाइल डिवाइस पर डेटा प्रोसेस कर फसल रोगों की शुरूआती पहचान करता है और किसानों को सटीक अलर्ट प्रदान करता है। सुक्ष्मा मेडटेक हेल्थटेक कंपनी पारंपरिक इंजेक्शन के विकल्प के रूप में माइक्रो-नीडल पैच और जलाशय आधारित ड्रग-डिलीवरी सिस्टम पर काम कर रही है। वनरक्ष एआई सॉल्यूशंस वनों की रक्षा के लिए विकसित यह स्मार्ट डिवाइस अवैध कटाई और जंगलों के दोहन को रोकने के लिए सेंसर के माध्यम से अधिकारियों को तुरंत सूचना भेजता है। लिवस्मार्ट ऑटोमेशन पूर्णतः सुरक्षित होम ऑटोमेशन सिस्टम है, जो ऊर्जा की बचत के साथ-साथ हाथों के स्पर्श के बिना घर के उपकरणों को नियंत्रित करने की सुविधा देता है।

### आप नेता आतिशी पर कार्रवाई करने के लिए जगदीश झीडा ने उपायुक्त को दी शिकायत



कुरुक्षेत्र। उपायुक्त को शिकायत पत्र देते हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान जगदीश सिंह झीडा।

कुरुक्षेत्र। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झीडा ने कहा कि सिख कौम हर धर्म का पूरा आदर करती है। सिख समुदाय ने कभी भी किसी भी धर्म पर कोई कटाक्ष नहीं किया। बावजूद इसके सिख धर्म और गुरु साहिबान पर अभद्र टिप्पणी का सिलसिला बदस्तूर जारी है। अब आम आदमी पार्टी की नेता प्रतिपक्ष और दिल्ली की पूर्व सीएम आतिशी ने श्री गुरु तेग बहादुर साहिब की शहादत को लेकर आभद्र टिप्पणी की है। आम आदमी पार्टी के नेता पर कानूनी कार्रवाई की मांग को लेकर हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार झीडा आज कुरुक्षेत्र के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक से मिले। जत्थेदार झीडा ने आम आदमी पार्टी के नेता प्रतिपक्ष पर कार्रवाई करने की मांग करते हुए कुरुक्षेत्र के उपायुक्त को लिखित में एक शिकायत दी। इसके साथ ही जत्थेदार झीडा पुलिस अधीक्षक से भी मिले। एसपी को भी शिकायत देते हुए हरियाणा कमेटी के प्रधान ने आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी पर कानूनी कार्रवाई की मांग की।



कुरुक्षेत्र। ब्रोशर का विमोचन करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा व अन्य।

### साइंस कॉन्क्लेव-2026 के ब्रोशर का किया विमोचन

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से आयोजित होने वाले इस दो दिवसीय साइंस कॉन्क्लेव-2026 के ब्रोशर का अनावरण किया। यह प्रतिष्ठित आयोजन 29 और 30 जनवरी 2026 को विश्वविद्यालय परिसर में किया जाएगा। ब्रोशर जारी करते हुए कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि इस कॉन्क्लेव का प्राथमिक उद्देश्य स्कूली छात्रों के भीतर बुनियादी विज्ञान के प्रति जिज्ञासा और निरंतर रुचि पैदा करना है। उन्होंने कहा कि बुनियादी विज्ञान ही वैज्ञानिक प्रगति और नवाचार की रीढ़ है। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने उभरते क्षेत्रों जैसे क्वांटम कंप्यूटिंग और क्वांटम ऑप्टिक्स, उन्नत सामग्री, अंतःविषय वैज्ञानिक अनुसंधान (इंटरडिसिप्लिनरी रिसर्च) जैसे विषयों से युवा शिक्षार्थियों को परिचित कराने की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बुनियादी विज्ञान विषयों में छात्रों के घटते रुझान पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अधिक छात्र इंजीनियरिंग और मेडिकल की ओर जा रहे हैं, जिससे भविष्य में कुशल शोधकतार्ओं और वैज्ञानिकों की भारी कमी हो सकती है।

## भाजपा नेता सुभाष कलसाना ने सुनीं शहरियों और ग्रामीणों की शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद



शाहबाद। जनसमस्याओं को सुनते भाजपा नेता सुभाष कलसाना।

विश्रामगृह में भाजपा नेता सुभाष कलसाना ने जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के लोगों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। इस दौरान में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के लोग पहुंचे जिन्होंने अपनी विभिन्न समस्याओं से भाजपा नेता को अवगत कराया। अधिकतर समस्याएं पेंशन से जुड़ी हुई थीं वहीं कई ग्रामीणों ने गालियों और अन्य बुनियादी ढांचे के निर्माण को लेकर अपनी बात रखी। सुभाष कलसाना ने मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों से बातचीत कर समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर सुभाष कलसाना ने कहा प्रदेश की भाजपा सरकार का लक्ष्य है कि समाज के हर व्यक्ति तक विकास की योजनाओं का लाभ पहुंचे। पेंशन, सडक, नाली और अन्य मूलभूत सुविधाएं जनता का अधिकार हैं और इनमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने मुख्यमंत्री की सराहना करते हुए कहा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का संकल्प जनसेवा और हरियाणा को विकास की दृष्टि में हमेशा अव्वल रखना है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में विकास की रफ्तार तेज हुई है। पारदर्शी शासन और जनकल्याणकारी योजनाओं के कारण आम आदमी को सीधा लाभ मिल रहा है।

## डीटीपी की टीम ने अवैध निर्माण किया ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि राजस्व संपदा लाडवा के गांव निवारसी व लाडवा में लगभग 8 एकड़ में पनप रही 2 अवैध कालोनियों में जिला प्रशासन की मदद से तोड़फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई।

डयूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने लाडवा व लाडवा के गांव निवारसी में राजस्व संपदा लाडवा में लगभग 8 एकड़ में पनप रही अवैध कालोनी में बनी सडकें, सीवरेज और मेनहॉल और गेट के अवैध निर्माण को पीले पंजे से हटाया गया। उन्होंने कहा कि डीटीपी विभाग की रिपोर्ट के अनुसार राजस्व संपदा लाडवा व लाडवा के ही गांव निवारसी में लगभग 8 एकड़ में पनप रही 2 अवैध कॉलोनियों के पनपने का मामला सामने आया था, जिसके उपरांत विभाग द्वारा भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी कर जरूरी अनुमति लेने के आदेश दिए गए थे। परंतु भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों ना तो अवैध कालोनियों में किए जा रहें निर्माण को रोका और ना ही विभाग से अनुमति प्राप्त की। इस पर जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा कार्रवाई करते हुए विभाग द्वारा इन अवैध कालोनियों में निर्माण को नष्ट करने का काम किया गया है।

## दिल्ली की पूर्व सीएम आतिशी द्वारा गुरु साहिब पर अभद्र टिप्पणी पर सिख समाज में रोष: अजराना

- कुरुक्षेत्र पुलिस को दी लिखित शिकायत कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



पुलिस को दी शिकायत की कापी दिखाते हुए कवलजीत सिंह अजराना व अन्य।

दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा दिल्ली विधानसभा में श्रीगुरु तेग बहादुर जी की शहादत को लेकर आपत्ति जनक शब्दों पर सिख समाज में गहरा रोष पनप रहा है। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के पूर्व स्पोक्समैन कवलजीत सिंह अजराना ने इस पर रोष जाहिर करते हुए इसे बहुत ही शर्मनाक घटना बताया। उन्होंने ने बताया कि इस मामले को लेकर जहां हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी कुरुक्षेत्र के प्रधान जत्थेदार जगदीश झीडा ने श्रीअकाल तख्त साहिब श्रीअमृतसर के सिंघ साहिब ज्ञानी कुलदीप सिंह गढ़गज को पत्र लिखा है, वहीं उन्होंने भी जिला कुरुक्षेत्र पुलिस को इस बारे में लिखित शिकायत दर्ज करवाई है। उन्होंने बताया कि 6 जनवरी को दिल्ली विधानसभा में दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी ने श्रीगुरु तेग बहादुर साहब जी की शहादत को लेकर गलत टिप्पणी की है। उनका की जहां दुनिया भर में श्री गुरु तेग बहादुर साहब जी की 350 साल शहीदी शताब्दी बड़े ही श्रद्धा भाव से मनाई गई है। वहीं दिल्ली में आम आदमी पार्टी की नेता प्रति पक्ष आतिशी ने श्रीगुरु तेग बहादुर साहिब की शहादत पर असहनीय टिप्पणी करते हुए गुरु साहिब का अपमान किया है।

## कुरुक्षेत्र विवि के स्थापना दिवस पर किया हवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर एवं स्वामी विवेकानंद जयंती-राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में हवन यज्ञ के आयोजन के साथ स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय सह-संगठक सतीश, कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा व उनकी धर्मपत्नी डॉ. ममता सचदेवा और कुलसचिव लेफ्टिनेंट प्रो. वीरेन्द्र पाल सहित सभी शिक्षकों ने हवन यज्ञ में आहुति डालकर विश्वविद्यालय परिवार की सुख-समृद्धि और संस्थान की शैक्षणिक ऊंचाइयों के लिए मंगल कामना की। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय पूर्व छात्र गोपी मलिक व नरेश नैन को स्वयं का व्यवसाय शुरू करके सफल उद्यमी बनने सम्मानित किया। इसके साथ-साथ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के भवनों का नामकरण देश के महापुरुषों के नाम पर करने वाली कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय भवन स्मारिका का विमोचन भी किया गया। शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि संस्कारों से बड़ी कोई वसीयत नहीं होती और यह संस्कार शिक्षा व ज्ञान पर ही निर्भर करते हैं।

### कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा व कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी की रही उपस्थिति

# 7वें अंतरराष्ट्रीय डेयरी कृषि मेले का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। अंतरराष्ट्रीय डेयरी कृषि मेले का अवलोकन करते सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी। फोटो : हरिभूमि

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश व केंद्र सरकार ने किसानों की आय को तीन गुणा करने का काम किया है। इसके लिए किसानों के कच्चे माल को पक्का किया जा रहा है, डेयरी में सब्सिडी उपलब्ध करवाया जा रहा है, हॉर्टिकल्चर में सब्जी की फसलों को बढ़ा दे रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा लगातार किसानों के हित के लिए नई नीतियां लागू की जा रही है, जो किसानों की आय को बढ़ाने में मददगार बन रही हैं। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग मंत्री श्याम सिंह राणा और सामाजिक न्याय मंत्री कृष्ण बेदी शुक्रवार को कुरुक्षेत्र के केडीबी मेला ग्राउंड पर डेयरी फार्मर एसोसिएशन द्वारा आयोजित 7वें अंतरराष्ट्रीय डेयरी कृषि मेले में बोल रहे थे। इससे पहले उन्होंने मेले का निरीक्षण भी किया। इस मेले में सैकड़ों प्रकार के पशु, डेयरी से संबंधित उपकरण, पशुओं की दवाएं, कृषि कार्य में प्रयोग होने वाले कृषि यंत्र भी शामिल किए गए। इन यंत्रों से संबंधित कंपनी किसानों को कृषि यंत्रों के बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध करवा रहे थे। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि मौजूदा समय में प्रदेश में 1100 ग्राम दूध प्रति व्यक्ति उत्पादन हो रहा है, जो पहले से बढ़ा है। अब किसानों ने कृषि कार्यों के साथ-साथ डेयरी कार्य को करने में भी जोर दिया है। इसी तरह प्रदेश के किसान 15 लाख अनाज को प्रति वर्ष बफर स्टोर को देता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के लिए मछली पालन की योजना लागू किया है। देश में 17 राज्य समुद्र से दूर हैं, इन राज्यों में मछली पालन को जोरों से किया जा रहा है।

#### सरकार का उद्देश्य किसानों की आय बढ़े और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो : कृष्ण बेदी

सामाजिक न्याय मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि डेयरी फार्मर एसोसिएशन द्वारा कई कार्यक्रम चलाए जाते हैं, जिनमें मुख्य रूप से डेयरी किसानों को प्रशिक्षण, तकनीकी सहायता और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए योजनाएं शामिल हैं। इसमें राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम, राष्ट्रीय पशुधन मिशन और डेयरी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड शामिल हैं। ये कार्यक्रम पशु स्वास्थ्य, दूध परीक्षण और सहकारी समितियों के गठन पर केंद्रित हैं, ताकि किसानों की आय बढ़े और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो सके। हरियाणा में डेयरी फार्मर एसोसिएशन द्वारा हाल ही में किसान मेले का आयोजन किया गया।

